श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएं : डहरिया

- **बिलासपुर में श्रमिकों के लिए बनेगा एक सौ बिस्तर अस्पताल**
- **कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक**

रायपुर, 2 मार्च (असं)।

नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने बिलासपुर में श्रमिकों के लिए एक सौ बिस्तर अस्पताल निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज राज्य मंत्रालय महानदी भवन में राज्य कर्मचारी बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में कहा कि श्रमिकों को बेहतर सुविधाएं मिले इसके लिए कार्य योजना बनायी जाए। कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किया जाए।

नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि श्रमिकों के हित में राज्य के अन्य जिलों में भी चिकित्सा सेवाएं का विस्तार किया जाए, जिससे सभी जिलों में जरूरतमंद श्रमिकों को इलाज की सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम एवं कर्मचारी राज्य बीमा सेवाओं के अधिकारी समन्वित प्रयास कर एक कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि उन सभी जिलों में जहां अधिनियम के प्रावधान लागू है तथा जहां कोई चिकित्सा सुविधा नही है उन सभी जिलों में टाई अप अस्पताल की व्यवस्था की जाए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राज्य के 10 जिलों में 42 औषद्यालय संचालित हैं। राज्य के 54 निजी अस्पतालों को अनुबंधित कर कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत बीमित हितग्राहियों को रोगी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। वर्तमान में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं रायगढ़ में सेकेण्डरी केयर हेतु टाई अप अस्पताल की व्यवस्था है।